INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# RAS

## RAJASTHAN PUBLIC SERVICE COMMISSION

## प्रारंभिक + मुख्य परीक्षा हेतु

भाग – 1

## राजस्थान का इतिहास + कला एवं संस्कृति

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**RAS (Rajasthan Administrative Service) (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**Rajasthan State and Subordinate Services Combined Competitive Exams**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***

**प्रकाशकः**

***INFUSION NOTES***

*जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)*

*मो : 9887809083*

*ईमेल : contact@infusionnotes.com*

*वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com*

**Whatsapp Link-** https://wa.link/uwc5lp

**Online Order Link-** https://bit.ly/3X6MGue

**मूल्य : ₹**

**संस्करण : नवीनतम**

# राजस्थान का इतिहास



| क्र. सं. | अध्याय | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान इतिहास के स्रोत<br>• अभिलेख<br>    ○ शिलालेख, प्रशस्ति, स्तम्भ लेख<br>• सिक्के<br>• साहित्यिक स्रोत<br>• ताम्रपत्र<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 1 |
| 2. | प्रागैतिहासिक स्थल (सभ्यताएं)<br>• पुरापाषाण से ताम्र पाषाण एवं कांस्य युग तक<br>• प्रागैतिहासिक स्थल की विशेषताएं<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 20 |
| 3. | ऐतिहासिक राजस्थान<br>• महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक केंद्र<br>• प्राचीन राजस्थान में समाज, धर्म एवं संस्कृति<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 30 |
| 4. | प्रमुख राजवंशों के महत्त्वपूर्ण शासकों की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियां<br>• प्रमुख राजवंश<br>    ○ गुहिल वंश<br>    ○ प्रतिहार वंश<br>    ○ चौहान वंश<br>    ○ परमार वंश<br>    ○ राठौड़ वंश<br>    ○ सिसोदिया वंश | 36 |

| | | |
|---|---|---|
| | ○ कछवाहा वंश<br>• प्रमुख घटनाएँ<br>• प्रमुख युद्ध, उनके कारण एवं परिणाम<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | |
| 5. | मध्यकालीन राजस्थान में प्रशासनिक तथा राजस्व व्यवस्था<br>• राजस्थान में मराठा शक्ति का विस्तार<br>• प्रमुख युद्ध एवं उनके परिणाम<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 92 |
| 6. | आधुनिक राजस्थान (19 वीं – 20 वीं शताब्दी की प्रमुख घटनाएँ)<br>• राजस्थान की रियासतें और ब्रिटिश संधियाँ<br>• राजस्थान में 1857 का विद्रोह<br>• विभिन सामाजिक कुरीतियाँ<br>• सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दे<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 107 |
| 7. | राजस्थान में राजनीतिक जागरण<br>• राजनीतिक जागरण के लिए उत्तरदायी कारक<br>• समाचार पत्रों एवं राजनीतिक संस्थाओं की भूमिका<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 123 |
| 8. | 20 वीं शताब्दी में राजस्थान में किसान एवं जनजाति आंदोलन<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 128 |
| 9. | विभिन्न देशी रियासतों में प्रजामण्डल आंदोलन<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 137 |
| 10. | राजस्थान का एकीकरण<br>• एकीकरण के समय प्रमुख घटनाएँ एवं उनके कारण<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 150 |

# राजस्थान की कला एवं संस्कृति (धरोहर)



| क्र.सं. | अध्याय | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान की वास्तु परम्परा<br>• प्रमुख मंदिर एवं मंदिर निर्माण की शैलियाँ<br>• महत्त्वपूर्ण किले एवं उनकी विशेषताएं<br>• महत्त्वपूर्ण महल एवं उनकी विशेषताएं<br>• मानव निर्मित जलीय संरचना<br>• राजस्थान में विश्व विरासत के प्रमुख स्थल<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 155 |
| 2. | चित्रकला की विभिन्न शैलियाँ, उपशैलियाँ और हस्तशिल्प<br>• मेवाड़, उदयपुर, नाथद्वार, देवगढ़, चावण्ड, मारवाड़, जोधपुर, बीकानेर, किशनगढ़, बूंदी, हाड़ौती इत्यादि<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 194 |
| 3. | प्रदर्शन कला एवं ललित कला तथा उनकी विशेषताएं<br>• शास्त्रीय संगीत<br>• शास्त्रीय नृत्य<br>• लोक संगीत एवं वाद्ययंत्र<br>• लोक नृत्य एवं नाट्य<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 216 |
| 4. | भाषा एवं साहित्य<br>• महत्त्वपूर्ण कृतियाँ एवं बोलियां, लोक साहित्य<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 250 |
| 5. | धार्मिक जीवन<br>• धार्मिक समुदाय | 264 |

| | | |
|---|---|---|
| | • राजस्थान में संत एवं संप्रदाय<br>• राजस्थान के लोक देवी - देवता<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | |
| 6. | राजस्थान में सामाजिक जीवन<br>• प्रमुख मेले एवं उनकी विशेषताएं<br>• प्रमुख त्यौहार एवं उनकी विशेषताएं<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 285 |
| 7. | सामाजिक रीति रिवाज एवं परम्पराएँ<br>• विशेषताएं एवं उनका महत्त्व<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 298 |
| 8. | वेशभूषा एवं आभूषण<br>• विशेषताएं एवं उनका महत्त्व<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 303 |
| 9. | राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण प्रश्न | 306 |

# राजस्थान का इतिहास

## अध्याय – 1

## राजस्थान इतिहास के स्रोत

**परिचय -**

सामान्यतः इतिहासकार द्वारा अतीत की घटनाओं का गहन अध्ययन करके मानवीय मस्तिष्क को समझना ही इतिहास है।

इतिहास का जनक हेरोडोटस को कहा जाता है वे एक इतिहासकार थे।

| |
|---|
| हेरोडोटस (मृत्यु 425 ई. पू.), यूनान के प्रथम इतिहासकार एवं भूगोलवेत्ता थे। उन्होंने अपने इतिहास का विषय पेलोपोनेसियन युद्ध को बनाया था। उनके द्वारा लिखित पुस्तक हिस्टोरिका थी। |

**इतिहास का अध्ययन : -**

इतिहास का अध्ययन करने के लिए इसको तीन भागों में विभाजित किया जाता है -

1. प्रागैतिहासिक काल
2. आद्य ऐतिहासिक काल
3. ऐतिहासिक काल

**1. प्रागैतिहासिक काल -**

वह काल जिसमें कोई भी लिखित स्रोत नहीं मिला अर्थात् सभ्यता और संस्कृति का वह युग जिसमें मानव की उत्पत्ति मानी जाती है। मानव की उत्पत्ति प्रागैतिहासिक काल से ही हुई है।

**2. आद्य ऐतिहासिक काल –**

आद्य ऐतिहासिक काल वह काल होता है जिसके लिखित स्रोत मिले लेकिन उसको पढ़ा नहीं जा सका जैसे – सिंधु घाटी सभ्यता उसमें जो भाषा थी उसको आज तक पढ़ा नहीं गया है इसलिए इस सभ्यता को आद्य ऐतिहासिक काल की श्रेणी में रखते हैं । इस काल की लिपि को सर्पीलाकार लिपि कहते हैं क्योंकि सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि दाईं से बाईं ओर लिखी जाती थी । इस लिपि को गोमूत्र लिपि एवं "बूस्टोफिदन" लिपि के नाम से भी जानते हैं । इसी प्रकार ईरान और इराक की मेसोपोटामिया की सभ्यता इसी काल की है। राजस्थान में इस काल की सभ्यता में कालीबंगा की सभ्यता देखने को मिलती है अर्थात् कालीबंगा की सभ्यता इसी काल की सभ्यता है।

**3. ऐतिहासिक काल**

ऐतिहासिक काल वह काल होता है । जिसमें लिखित स्रोत मिले और उनको पढ़ा भी जा सका जैसे वैदिक काल जिसमें वेदों की रचना हुई थी। और उनको पढ़ा भी जा सकता है। प्राचीन इतिहास के स्रोत-पुरातात्विक एवं साहित्यिक स्रोत।

- **राजस्थान इतिहास को जानने के स्रोत :-**

  इतिहास का शाब्दिक अर्थ है – "ऐसा निश्चित रूप से हुआ है"। इतिहास के जनक यूनान के हेरोडोटस को माना जाता है लगभग 2500 वर्ष पूर्व उन्होंने " हिस्टोरिका" नामक ग्रन्थ की रचना की । इस ग्रन्थ में उन्होंने भारत का उल्लेख भी किया है ।

  भारतीय इतिहास के जनक मेगस्थनीज माने जाते हैं। महाभारत के लेखक "वेदव्यास" माने जाते हैं। महाभारत का प्राचीन नाम "जय संहिता" था।
- राजस्थान इतिहास के जनक "कर्नल जेम्स टॉड" कहे जाते हैं। वे 1818 से 1821 के मध्य **मेवाड़ (उदयपुर) प्रान्त के पॉलिटिकल** एजेंट थे उन्होंने घोड़े पर घूम-घूम कर राजस्थान के इतिहास को लिखा। अतः कर्नल टॉड को **"घोड़े वाले बाबा"** कहा जाता है। इन्होंने "एनल्स एण्ड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान" नामक पुस्तकालय का लन्दन में 1829 में प्रकाशन करवाया।
- गौरीशंकर हीराचन्द ओझा (जी.एच. ओझा) ने इसका सर्वप्रथम हिन्दी में अनुवाद करवाया। इस पुस्तक का दूसरा नाम "सेंट्रल एण्ड वेस्टर्न राजपूत स्टेट्स ऑफ इंडिया" है।
- कर्नल जेम्स टॉड की एक अन्य पुस्तक "ट्रेवल इन वेस्टर्न इण्डिया" का इसकी मृत्यु के 1837 में उनकी पत्नी ने प्रकाशन करवाया।
- अभिलेख एवं प्रशस्तियाँ को पत्थर या धातु की सतह पर उकेरे गए लेखों को अभिलेख में सम्मिलित किया जाता है।
- अभिलेखों में शिलालेख, स्तम्भ लेख, मूर्ति लेख, गुहा लेख आदि को सम्मिलित किया जाता है।
- तिथि युक्त एवं समसामयिकी होने के कारण पुरातात्विक स्रोतों के अन्तर्गत अभिलेख सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।
- प्रारम्भिक अभिलेखों की भाषा संस्कृत थी जबकि मध्यकाल में इनमें उर्दू, फारसी व राजस्थानी भाषा का प्रयोग भी हुआ।
- अभिलेखों के अध्ययन को **एपिग्राफी** कहा जाता है।
- भारत में प्राचीनतम अभिलेख सम्राट अशोक मौर्य के हैं जिनकी **भाषा प्राकृत एवं मगधी तथा लिपि ब्राह्मी मिलती है।**
- शक शासक रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख भारत का पहला संस्कृत अभिलेख है।
- राजस्थान के अभिलेखों की मुख्य भाषा संस्कृत एवं राजस्थानी है तथा इनकी लिपि महाजनी एवं हर्ष लिपि है।
- फारसी भाषा मे लिखा सबसे पुराना लेख अजमेर के अढ़ाई दिन के झोंपड़े की दीवार के पीछे लिखा हुआ मिला है। यह लेख लगभग 1200 ई. का है।

**अशोक के अभिलेख :-**

- मौर्य सम्राट अशोक के दो अभिलेख भाब्रू अभिलेख तथा बैराठ अभिलेख बैराठ की पहाड़ी (कोटपूतली-बहरोड़) से मिले हैं।

- भाब्रू अभिलेख की खोज कैप्टेन बर्ट द्वारा बीजक की पहाड़ी से की गई। इस अभिलेख से अशोक के बौद्ध धर्म के अनुयायी होने तथा राजस्थान में मौर्य शासन होने की जानकारी मिलती है।
- अशोक का भाब्रू अभिलेख वर्तमान में **कलकत्ता संग्रहालय** में सुरक्षित है।

**बड़ली का अभिलेख :-**

- यह राजस्थान का सबसे **प्राचीनतम अभिलेख** है। 443 ई. पूर्व का यह अभिलेख **केकड़ी जिले** की भिनाय तहसील के **बड़ली गाँव** के भिलोत माता मंदिर से पं. गौरीशंकर हीराचन्द ओझा को प्राप्त हुआ।
- वर्तमान में यह **अजमेर संग्रहालय में सुरक्षित है।**

**बसंतगढ़ अभिलेख (625 ई.):-**

- राजा वर्मलात के समय का यह अभिलेख बसंतगढ़ (सिरोही) से प्राप्त हुआ है।
- इससे अर्बुदांचल के राजा राज्जिल तथा उसके पुत्र सत्यदेव के बारे में जानकारी मिलती है।
- इसका लेखक द्विजन्मा तथा उत्कीर्णकर्ता नागमुण्डी था।
- दधिमति माता अभिलेख के बाद यह पश्चिमी राजस्थान का सबसे प्राचीन अभिलेख है।
- इस अभिलेख में सामन्त प्रथा का उल्लेख मिलता है।
- शिलालेख में मेवाड़ के गुहिल वंश शासक शिलादित्य का उल्लेख है ।

**मानमोरी का अभिलेख :-**

- 713 ई. का यह अभिलेख मानसरोवर झील (चित्तौड़गढ़) के तट पर उत्कीर्ण है।
- इस अभिलेख में इसके **रचयिता पुष्य** तथा उत्कीर्णकर्ता शिवादित्य का उल्लेख है।
- इस अभिलेख से चित्तौड़गढ़ दुर्ग का निर्माण करने वाले चित्रांग (चित्रांगद) के बारे में जानकारी मिलती है।
- राजा भोज के पुत्र मान द्वारा मानसरोवर झील के निर्माण करवाये जाने का उल्लेख भी इसमें मिलता है।
- यह अभिलेख कर्नल जेम्स टॉड द्वारा इंग्लैण्ड ले जाते समय समुद्र में फेंक दिया गया था।
- इस अभिलेख में '**अमृत मंथन**' का उल्लेख मिलता है।
- इस अभिलेख में चार मौर्य शासकों **(महेश्वर, भीम, भोज एवं मान)** के बारे में जानकारी मिलती है।

**मण्डौर अभिलेख :-**

- जोधपुर के मंडोर में स्थित 837 ई. के इस अभिलेख में गुर्जर-प्रतिहार शासकों की वंशावली विष्णु तथा शिव पूजा का उल्लेख किया गया है। इस अभिलेख की रचना गुर्जर-प्रतिहार शासक बाउक द्वारा करवाई गई थी।

**प्रतापगढ़ अभिलेख (946 ई.):-**

- प्रतापगढ़ में स्थित इस अभिलेख में गुर्जर प्रतिहार शासक महेन्द्रपाल की उपलब्धियों का वर्णन किया गया है।

**बड़वा अभिलेख (238 – 239 ई.) :-**

- यह बड़वा (अंता तहसील, बारां जिला) में स्तम्भ पर उत्कीर्ण मौखरी वंश के शासकों का सबसे प्राचीन अभिलेख है। संस्कृत भाषा में लिखित इस अभिलेख से मौखरी शासकों बल, सोमदेव, बलसिंह आदि की उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त होती है।
- यह 3 यूप पर खुदा हुआ है ।

**कणसवा का अभिलेख :-**

- 738 ई. का यह अभिलेख कोटा के निकट कणसवा गाँव में उत्कीर्ण है जिसमें मौर्य वंश के राजा धवल का उल्लेख मिलता है।
- **राजा धवल को अंतिम मौर्य वंशी राजा माना जाता है ।**

**आदिवराह मंदिर का अभिलेख :-**

- 944 ई. का यह लेख उदयपुर के आदिवराह मंदिर से प्राप्त हुआ है जो संस्कृत में ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण है।
- यह लेख मेवाड़ के शासक भर्तृहरि द्वितीय के समय का है।
- इसके अनुसार आहड़ एक धर्म स्थल के रूप में प्रसिद्ध था।

**सुण्डा पर्वत अभिलेख :-**

- जालौर स्थित सुण्डा पर्वत का यह अभिलेख चौहान शासक **चोचिंगदेव** के समय का है जिससे इसकी उपलब्धियों तथा शासन के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

**अचलेश्वर का अभिलेख (1285 ई.) :-**

- यह अभिलेख संस्कृत भाषा में अचलेश्वर मंदिर के पास दीवार पर उत्कीर्ण है इसके रचयिता शुभचंद्र तथा उत्कीर्णकर्ता कर्मसिंह थे।
- इस अभिलेख में '**बापा**' से '**महाराणा समरसिंह**' तक की वंशावली का उल्लेख है।
- इसमें हारीत ऋषि की तपस्या तथा उनके आशीर्वाद से बापा को राज्य प्राप्ति का उल्लेख है।

**किराडू का लेख :-**

- 1161 ई. का यह लेख किराडू के शिव मंदिर में उत्कीर्ण है जिसकी भाषा संस्कृत है।
- इस लेख में परमारों की उत्पत्ति ऋषि वशिष्ठ के आबू यज्ञ से बतायी गई है।
- इस प्रशस्ति में किराडू की परमार शाखा का वंशक्रम दिया गया है।

**सांडेराव का लेख :-**

- 1164 ई. का यह लेख देसूरी के पास सांडेराव के महावीर जैन मंदिर में उत्कीर्ण है।
- यह लेख कल्हणदेव के समय का है जिसमें उसके परिवार द्वारा मंदिर के लिए दिये गए दान का उल्लेख मिलता है।
- इस लेख में उस समय के विभिन्न करों व भूमि की नाप के बारे में जानकारी मिलती है।

**श्रृंगी ऋषि का लेख :-**

- 1428 ई. का यह लेख मेवाड़ के एकलिंगजी के पास श्रृंगी ऋषि नामक स्थान पर काले पत्थर पर उत्कीर्ण है, जिसकी

- राजस्थान में इण्डो-ग्रीक सिक्के नलियासर (साँभर, जयपुर ग्रामीण), विराटनगर (कोटपूतली-बहरोड़), नगरी (चित्तौड़) से मिले हैं।
- 'इकतीसंदा रुपया' राजस्थान की मेड़ता टकसाल में बनता था।
- 'लल्लू लिया' नामक सिक्के का निर्माण सोजत में किया जाता था।
- प्रतिहार शासक मिहिर भोज के सिक्कों पर वराह अवतार का अंकन मिलता है।

**एलची** :- अकबर द्वारा चित्तौड़ विजय के पश्चात् जारी किए गए सिक्के।

**पारुथद्रम** :- मालवा के परमारों की मुद्रा।

**आहत मुद्रा** :-इन सिक्कों को ठप्पा मारकर बनाए जाने के कारण इन्हें आहत मुद्रा कहते हैं।

आहत सिक्के पर पाँच चिह्न/आकृति (पेड़, मछली, सांड, हाथी व अर्द्धचन्द्र) के चिह्न अंकित होते थे।

- इन सिक्कों पर किसी प्रकार का लेख प्राप्त नहीं होता है।
- ये सिक्के पाँचवी शताब्दी ई. पूर्व के हैं जिन पर उस समय के प्राकृतिक चिह्न तथा देवी देवताओं के चित्र मिलते हैं।
- इन सिक्कों को आहत मुद्रा नाम जेम्स प्रिंसेप द्वारा 1835 ई. में दिया गया।
- राजपूताना की रियासतों में प्रचलित सिक्कों के सम्बन्ध में केब ने वर्ष 1893 में 'द करेंसीज ऑफ द हिन्दू स्टेट्स ऑफ राजपूताना' नामक पुस्तक लिखी।

**इण्डो-ग्रीक मुद्राएँ** :- भारत में सर्वप्रथम लेखयुक्त सोने के सिक्के भारतीय-यवन (इण्डो-ग्रीक) शासकों ने जारी किये थे जो तीसरी-चौथी शताब्दी ईस्वी पूर्व के हैं।

- आहड़ में उत्खनन से इण्डो-ग्रीक सिक्के मिले हैं, जिनमें अपोलो, देवता, महाराज **नत्रवर्स**, विरहम विस तथा पलितस आदि अंकित हैं।
- सिक्कों के सम्बन्ध में 'क्रोनिकल्स ऑफ द पठान किंग्स ऑफ डेहली' नामक पुस्तक "एडवर्ड थॉमस" ने लिखी है।

**आहड़ से प्राप्त सिक्के** :- आहड़ से 6 ताँबे की मुद्राएँ मिली हैं।

- इसके अलावा यहाँ से इण्डो-ग्रीक मुद्राएँ तथा कुछ मुहरें प्राप्त हुई हैं।

**रैढ़ (टोंक) से प्राप्त सिक्के** :-

- रैढ़ में उत्खनन से 3075 चाँदी के पचंमार्क सिक्के मिले हैं जो देश में उत्खनन से प्राप्त सिक्कों की सर्वाधिक संख्या है।
- ये सिक्के मौर्यकाल के हैं जिन्हें 'धरण' या 'पण' कहा जाता था।
- इन सिक्कों का वजन 57 ग्रेन (32 रत्ती या $3^{3}/_{4}$ ग्राम) है तथा इनका समय छठी शताब्दी ई. पूर्व से द्वितीय शताब्दी ई. पूर्व है।
- रैढ़ से प्राप्त इन सिक्कों को मालव, मित्र, इण्डो सेसेनियम, सेनापति आदि वर्गों में रखा गया है।
- रैढ़ सभ्यता पर उत्खनन का कार्य 1938-39 में दयाराम साहनी के नेतृत्व में तथा अंतिम रूप में उत्खनन कार्य डॉ. केदारनाथ पूरी के द्वारा करवाया गया था।
- रैढ़ सभ्यता से एशिया का अब तक का सबसे बड़ा सिक्कों का भण्डार मिला है।

**बैराठ से प्राप्त सिक्के** :-

- बैराठ में उत्खनन से कपड़े में बंधी हुई 8 आहत मुद्राएँ प्राप्त हुई हैं।
- इसके अलावा यहाँ से 28 इण्डो-ग्रीक तथा यूनानी मुद्राएँ प्राप्त हुई हैं जिसमें से 16 सिक्के यूनानी शासक मीनेण्डर के हैं।

**प्रश्न- निम्नलिखित में से किस स्थल से शासक मिनेण्डर के सोलह सिक्के प्राप्त हुए हैं ?(RAS. 2018)**

**(1) बैराठ** **(2) नगरी**
**(3) रैढ़** **(4) नगर**

**Ans. 1**

**रंगमहल से प्राप्त सिक्के** :-

- रंगमहल (हनुमानगढ़) से 105 ताँबे के सिक्के प्राप्त हुए हैं, जिनमें आहत तथा कुषाण कालीन मुद्राएँ शामिल हैं।
- यहाँ से प्राप्त कुषाण कालीन सिक्कों को मुरण्डा कहा गया है।
- रंगमहल से कुषाण शासक कनिष्क का भी सिक्का प्राप्त हुआ है।

**सांभर से प्राप्त सिक्के** :-

- सांभर (जयपुर ग्रामीण) में उत्खनन से 200 मुद्राएँ प्राप्त हुई हैं जिनमें पंचमार्क तथा इण्डो सेसेनियम मुद्राएँ शामिल हैं।
- सांभर के उत्खनन में चाँदी की एक इण्डो-ग्रीक मुद्रा मिली है जो 'एंटीयोकस निकेफोरस' की है।
- यहाँ से यौधेय जनपद की तथा इण्डो-ग्रीक मुद्राएँ भी प्राप्त हुई है। एक यौधेय सिक्के पर ब्राह्मी लिपि में **'बाबुधना'** तथा 'गण' अंकित है।

**नगर (टोंक) से प्राप्त सिक्के** :-

- टोंक जिले के नगर या कर्कोट नगर से कार्लाइल को लगभग 6 हजार ताँबे के सिक्के प्राप्त हुए थे।
- यह अनुमान लगाया जाता है कि मालव जनपद की टकसाल नगर (वर्तमान जयपुर ग्रामीण) में रही होगी।
- ये सिक्के अन्य सिक्कों की तुलना में सबसे छोटे तथा हल्के हैं।
- इन पर ब्राह्मी लिपि में मालव जनपद के लगभग 40 सरदारों के नाम अलग-अलग अंकित मिलते हैं।

**यौधेय जनपद के सिक्के** :-

- राजस्थान के प्राचीन समय के उत्तरी-पश्चिमी भाग में स्थित यौधेय जनपद से सिक्के मिले हैं।
- यौधेय जनपद का विस्तार वर्तमान गंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़ और बीकानेर का कुछ भाग में था।

- इन सिक्कों पर नंदी एवं स्तंभ का अंकन तथा ब्राह्मी लिपि में 'यौधेयानां बहुधान' लिखा हुआ मिला है।
- ईसा की दूसरी सदी के सिक्कों पर एक ओर कमल पर षडानन की मूर्ति तथा दूसरी ओर ब्राह्मी लिपि में 'भागवत: यौधेयेन' अंकित है। चौथी सदी ईसा के सिक्कों में 'कार्तिकेय' या 'देव' या 'सूर्य की मूर्ति' का अंकन मिलता है।

**गुप्तकालीन मुद्राएँ :-**

- 1948 में भरतपुर जिले की बयाना तहसील के नगलाछैल गाँव से सर्वाधिक गुप्तकालीन स्वर्ण मुद्राएँ प्राप्त हुई है जिनकी संख्या लगभग 1800 है।
- इन सिक्कों में सर्वाधिक सिक्के 'चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य' के समय के हैं।
- इसके अलावा राजस्थान में बुन्दावली का टीबा (जयपुर ग्रामीण), नलियासर (सांभर), ग्राम-मारोली (जयपुर ग्रामीण), रैढ़ (टोंक), अहेड़ा (अजमेर), देवली (टोंक) तथा सायला आदि से गुप्तकालीन मुद्राएँ प्राप्त हुई है।
- सायला से समुद्रगुप्त की 13 स्वर्ण मुद्राएँ प्राप्त हुई है जिनके अग्रभाग पर समुद्रगुप्त ध्वज लिए खड़ा है। ये सिक्के **ध्वज शैली** के हैं।
- चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के **छत्र शैली** के स्वर्ण के सिक्के मिले है जिनसे यह संकेत मिलता है कि टोंक के आस-पास का क्षेत्र गुप्त साम्राज्य का अंग रहा होगा।
- सायला से ही चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के धनुर्धर शैली के सिक्के भी मिले हैं।

**गुर्जर-प्रतिहार कालीन मुद्राएँ :-**

- मारवाड़ क्षेत्र से प्राप्त गुर्जर प्रतिहार कालीन सिक्कों पर से सेसेनियन शैली का प्रभाव दिखाई देता है।
- राजस्थान में गुर्जर प्रतिहार शासक मिहिर भोज तथा विनायकपाल देव के 'आदिवराह द्रम्म' नामक सिक्के प्राप्त हुए हैं।
- ठक्कर फेरू (अलाउद्दीन की दिल्ली टकसाल का अधिकारी) ने अपनी पुस्तक 'द्रव्य परीक्षा' में इन सिक्कों को वराही द्रम्म एवं विनायक द्रम्म नाम दिया है। जिन पर देवनागरी लिपि में 'श्री मदादि वराह' एवं नरवराह की मूर्ति का अंकन है।
- प्रतिहारों के आदिवराह, वराहनाम वाले द्रम्म तथा देवी मूर्ति, वृषभ, मत्स्य एवं अश्वारोही अंकन वाले सिक्के भी मिले हैं।
- मारवाड़ से अनेक गुर्जर-प्रतिहार कालीन ताँबे के सिक्के प्राप्त हुए हैं। इन पर राजा के अर्द्ध शरीर का चिह्न तथा यज्ञकुण्ड बना है, इन पर ये चिह्न अस्पष्ट होने के कारण गधे के मुँह के समान अंकन दिखाई देता है इसलिए इनका नाम 'गधिया सिक्के' पड़ा है।

**चौहान काल की मुद्राएँ :-**

- राजस्थान में चौहान काल के चाँदी व ताँबे के सिक्के मिले है जिन्हें **'द्रम्म'**, **'विशोपक'**, **'रूपक**, **'दीनार'** आदि के नाम से जाना गया।
- अजयदेव चौहान की रानी सोमलेखा द्वारा चाँदी के सिक्के एवं सोमेश्वर द्वारा वृषभ शैली एवं अश्वारोही शैली के सिक्के चलाए गए।
- तराइन के दूसरे युद्ध में विजय के बाद "मुहम्मद गौरी" ने सिक्कों पर अपना नाम 'मुहम्मद बिन साम' अंकित करवाया। इसके अलावा इन सिक्कों पर 'नंदी' तथा 'पृथ्वीराज' के नाम का अंकन मिलता है।
- इसके अलावा सिक्कों के अतिरिक्त पृष्ठ पर देवनागरी में हम्मीर का नाम भी अंकित करवाया गया है।

**मेवाड़ राज्य के सिक्के :-**

- मेवाड़ में प्राचीन काल से ही सोने, चाँदी एवं ताँबे के सिक्के चलते थे जो इण्डो-सेसेनियन शैली के थे।
- चाँदी के सिक्कों को 'द्रम्म' व 'रूपक' तथा ताँबे के सिक्कों को 'कार्षापण' कहा जाता था।
- पुराने सिक्कों पर कोई लेख नहीं होता था। इसी प्रकार ताँबे का सिक्का 'ढींगला' है।
- नगरी से प्राप्त चाँदी व ताँबे के सिक्कों पर एक ओर 'शिवि जनपद' अंकित है। यहीं से यूनानी शासक मिनेण्डर के 'द्रम्म' सिक्के भी मिले हैं।
- मेवाड़ के कई स्थानों से हूणों द्वारा चलाए गए चाँदी व ताँबे के गधिया सिक्के मिले हैं।
- गुहिल वंश के संस्थापक गुहिल द्वारा जारी दो हजार चाँदी के सिक्के आगरा से प्राप्त हुए हैं।
- मालवा परमार शासकों द्वारा प्रचलित चाँदी के 'पारुथ द्रम्म' सिक्के भी मेवाड़ से प्राप्त हुए हैं।
- मेवाड़ में 'मुहम्मद बिन साम' तथा सुरातिन समस्दीन नाम वाले सिक्के तथा अश्वारोही-नंदी शैली के सिक्के प्रचलित थे। इन सिक्कों को टका एवं दिरहम नाम से जाना जाता था।
- महाराणा स्वरूपसिंह ने अंग्रेजों से संधि कर स्वरूपशाही सिक्के चलाये जिनके एक तरफ चित्रकुट-उदयपुर व चित्तौड़दुर्ग की प्राचीर के चित्र का अंकन है तथा दूसरी ओर **'दोस्ती-लंधन'** अर्थात् (लंदन के मित्र) अंकित था। इनके समय चांदोड़ी स्वर्ण मुहर भी प्रचलित थी।
- स्वरूप शाही मुहर का वजन 100 ग्रेन होता था।
- मेवाड़ में उदयपुरी, चित्तौड़ी, भीलाड़ी एवं एलची सिक्के मुग़ल प्रभाव वाले सिक्के थे।
- चित्तौड़ी की टकसाल में मुग़ल सम्राट अकबर एवं अन्य मुग़ल सम्राटों के सिक्के भी बनते थे जिन्हें 'सिक्का एलची' कहते थे।
- मेवाड़ में प्रचलित ताँबे के सिक्कों को ढींगला, भिलाड़ी, त्रिशुलिया, भींडरिया एवं नाथद्वारिया आदि नामों से जाना जाता था।
- शाहपुरा में बनने वाले सोने-चाँदी के सिक्के ग्यार-संदा तथा ताँबे के सिक्के माधोशाही कहलाते थे।
- मेवाड़ के सलूम्बर ठिकाने का सिक्का पद्मशाही नाम से जाना जाता था।

## अभ्यास प्रश्न

**1. किस शिलालेख मे चौहानो को वत्स गौत्र का ब्राह्मण कहा गया है ?**
(a) आमेर का शिलालेख
(b) श्रृंगी ऋषि का शिलालेख
(c) बिजौलिया का शिलालेख
**(d)** चीरवे का शिलालेख **उत्तर- c**

**2. डोडिया तथा अवैशाही सिक्का का प्रचलन कहाँ पर था?**
(a) बीकानेर (b) जोधपुर
**(e)** पाली (d) जैसलमेर **उत्तर-d**

**3. दिए गये शिलालेखों/प्रशस्तियों को उनके समय के अनुसार (पहले से बाद में) क्रमबद्ध करें ।**
a. मंडोर का बाउक का शिलालेख
b. सांडेराव के महावीर जैन मंदिर का अभिलेख
c. चितौड़ का शिलालेख
d. आहड़ के आदिवराह मंदिर से प्राप्त शिलालेख
a. a, c, b, d
b. d, a, b, c
c. a, d, b, c
d. d, a, c, b **उत्तर - c**

**4. पद्मशाही मुद्रा कहाँ प्रचलित थी ?**
(a) शाहपुरा (b) किशनगढ़
(c) सलूम्बर (d) ब्यावर **उत्तर -c**

**5. राज्य में प्राप्त एक मध्यकालीन प्रशस्ति के संबंध में निम्न कथनों पर गौर कीजिए**
I. यह 17वीं शताब्दी में महाराजा राजसिंह द्वारा स्थापित कराई गई।
II. इसमें राजसमंद झील का निर्माण अकाल राहत कार्यों के तहत किए जाने का उल्लेख है।
III. यह भारत का सबसे बड़ा शिलालेख है। उक्त प्रशस्ति कौनसी है?
(a) राज प्रशस्ति
(b) सामोली का शिलालेख
(c) नाथ प्रशस्ति
(d) चीखा का लेख **उत्तर -a**

**6. निम्न में से कौनसा शिलालेख राजस्थान का प्राचीनतम शिलालेख कहलाता है?**
(a) नगरी का शिलालेख
(b) सामोली का शिलालेख
(c) किराडू का शिलालेख
**(b)** बरली का शिलालेख **उत्तर-d**

**7. सांडेराव का लेख कंहा से यह शिलालेख प्राप्त हुआ ।**
(a) भीलवाड़ा (b) पाली
(c) चित्तौड़गढ़ (d) जोधपुर **उत्तर-b**

**8. राजस्थान के कौन से ताम्रपत्र से रानी कर्मवती द्वारा जौहर के प्रमाण मिलते हैं -**
(a) आहड ताम्रपत्र (b) खेरोदा ताम्रपत्र
(c) पुर ताम्रपत्र (d)चीकली ताम्रपत्र
**उत्तर-c**

**9. आहड़ के ताम्रपत्र ( 1206) से हमें जानकारी मिलती है -**
(a) महाराणा कुम्भा ने कीर्तिस्तम्भ का निर्माण करवाया था ।
(b) महाराणा राजसिंह ने राजसमंद झील का निर्माण करवाया था ।
(c) गुजरात के शासक भीमदेव के समय में मेवाड़ पर गुजरात का अधिकार था ।
(d) किसानों से वसूल की जाने वाली विविध लाग - बागों का पता चलता है ।
**उत्तर -c**

**10. मुण्डीयार की ख्यात मे किसका वर्णन है?**
(a) आमेर के कछवाह शासको का वर्णन है
(b) मारवाड के राठौड शसको का वर्णन है
(c) कोटा के हाडा शासको का वर्णन है
(d) मेवाड के सिसोदिया शासको का वर्णन है
**उत्तर -b**

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

## अध्याय – 2

## प्रागैतिहासिक स्थल (सभ्यताएं)

- **पाषाणकालीन सभ्यता**

**I. बागौर (भीलवाड़ा)**

प्रिय छात्रों किसी भी सभ्यता का विकास किसी नदी के किनारे होता है क्योंकि जल ही जीवन है जल की आवश्यकता खेती के लिए और अन्य उपयोगों के लिए की पड़ती है।

- इसी प्रकार भीलवाड़ा जिले की माण्डल तहसील में कोठारी नदी के तट पर स्थित इस पुरातात्विक स्थल का उत्खनन 1967-68 से 1969-70 की अवधि में राजस्थान राज्य पुरातत्व विभाग एवं दक्कन कॉलेज, पुणे के तत्त्वावधान में श्री वी.एन. मिश्र एवं डॉ. एल.एस. लेशनि के नेतृत्व में हुआ है।
- यहाँ से मध्य पाषाणकालीन (Mesolithic) लघु पाषाण उपकरण व वस्तुएँ (Microliths) प्राप्त हुई हैं।
- बागौर के उत्खनन में प्राप्त प्रस्तर उपकरण काल विभाजन के क्रम से तीन चरणों में विभाजित किये गये हैं। प्रथम चरण 3000 वर्ष ईसा पूर्व से लेकर 2000 वर्ष ईसा पूर्व तक, द्वितीय चरण 2000 वर्ष ईसा पूर्व से 500 वर्ष ईसा पूर्व का एवं तृतीय चरण 500 वर्ष ईसा पूर्व से लेकर प्रथम ईस्वी सदी तक की मानव सभ्यता की कहानी कहता है।
- इन पाषाण उपकरणों को **स्फटिक** (Quartz) एवं चर्ट पत्थरों से बनाया जाता था। इनमें मुख्यतः पृथुक (Flake), फलक (Blade) एवं अपखण्ड (Chip) बनाये जाते थे। ये उपकरण आकार में बहुत छोटे (लधु अश्म उपकरण-Microliths) थे।
- बागौर में उत्खनन में पाषाण उपकरणों के साथ-साथ एक मानव कंकाल भी प्राप्त हुआ है।
- यहाँ पाये गये लघु पाषणा उपकरणों में ब्लेड, छिद्रक, स्क्रेपर, बेधक एवं चांद्रिक आदि प्रमुख हैं।
- ये पाषाण उपकरण चर्ट, जैस्पर, चाल्डेसनी, एगेट, क्वार्टजाइट, फ्लिंट जैसे कीमती पत्थरों से बनाये जाते थे। ये आकार में बहुत छोटे आधे से पौने इंच के औजार थे ये छोटे उपकरण संभवतः किसी लकड़ी या हड्डी के बड़े टुकड़ों पर आगे लगा दिये जाते थे।
- इन्हें मछली पकड़ने, जंगली जानवरों का शिकार करने, छीलने, छेद करने आदि कार्यों में प्रयुक्त किया जाता था। इन उपकरणों से यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय आखेट करना एवं कंद-मूल फल एकत्रित करने की स्थिति पर प्रकाश पड़ता है।
- यहाँ के प्रारंभिक स्तरों पर घर या फर्श के अवशेष नहीं मिलना साबित करता है कि यहाँ का मानव घुमक्कड़ जीवन जीता होगा।
- बागौर में द्वितीय चरण के उत्खनन में केवल 5 ताम्र उपकरण मिले हैं, जिसमें एक सूई (10.5 सेमी लम्बी), एक कुन्ताग्र (Spearhead), एक त्रिभुजाकार शस्त्र, जिसमें दो छेद हैं, प्रमुख हैं।
- इस चरण के उत्खनन में मकानों के अवशेष भी मिले हैं जिससे पुष्टि होती है कि इस समय मनुष्य ने एक स्थान पर स्थायी जीवन जीना प्रारम्भ कर दिया था।
- इस काल की प्राप्त हड्डियों में गाय, बैल, मृग, चीतल, बारहसिंघा, सूअर, गीदड़, कछुआ आदि के अवशेष मिले हैं।
- कुछ जली हुई हड्डियाँ व मांस के भुने जाने के प्रमाण मिलने से अनुमान है कि इस काल का मानव मांसाहारी भी था तथा कृषि करना सीख चुका था।
- उत्खनन के तृतीय चरण में हड्डियों के अवशेष बहुत कम होना स्पष्ट करता है कि इस काल (500 ई. पूर्व से ईसा की प्रथम सदी) में मानव संस्कृति में कृषि की प्रधानता हो गई थी।
- **बागौर उत्खनन** में कुल **5 कंकाल** प्राप्त हुए हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि शव को दक्षिण पूर्व-उत्तर पश्चिम में लिटाया जाता था तथा उसकी टांगे मोड़ दी जाती थी।
- सभ्यता के तृतीय चरण में शव को उत्तर-दक्षिण में लिटाने एवं टांगे सीधी रखने के प्रमाण मिले हैं।
- शव को मोती के हार, ताँबे की लटकन, मृद्भाण्ड, मांस आदि सहित दफनाया जाता था। खाद्य पदार्थ व पानी हाथ के पास रखे जाते थे तथा अन्य वस्तुएँ आगे-पीछे रखी जाती थी।
- तृतीय चरण के एक कंकाल पर ईंटों की दीवार भी मिली है, जो समाधि बनाने की द्योतक है। मिट्टी के बर्तन यहाँ के द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण के उत्खनन में मिले हैं।
- द्वितीय चरण के मृद्भाण्ड मटमैले रंग के, कुछ मोटे व जल्दी टूटने वाले थे। इनमें शरावतनें, तश्तरियाँ, कटोरे, लोटे, थालियाँ, तंग मुँह के घड़े व बोतलें आदि मिली हैं। (ये मृद्भाण्ड रेखा वाले तो थे परन्तु इन पर अलंकरणों का अभाव था।
- ऊपर से लाल रंग लगा हुआ है। ये सभी हाथ से बने हुए हैं) (तृतीय चरण के मृद्भाण्ड पतले एवं टिकाऊ हैं तथा चाक से बने हुए हैं। इन पर रेखाओं के अवशेष मिले हैं, परन्तु अलंकरण बहुत कम मिले हैं।
- (आभूषण: बागौर सभ्यता में मोतियों के आभूषण तीनों स्तरों के उत्खनन में प्राप्त हुए हैं। हार तथा कान की लटकनों में मोती बहुतायत से प्रयुक्त किये जाते थे।
- ये मोती एगेट, इन्द्रगोप व काँच के बने होते थे। मकान : बागौर में मकानों के अवशेष द्वितीय एवं तृतीय चरण में प्राप्त हुए हैं। हार तथा कान की लटकनों में मोती बहुतायत से प्रयुक्त किये जाते थे। ये मोती एगेट, इन्द्रगोप व काँच के बने होते थे।)
- **मकान : बागौर में मकानों के अवशेष द्वितीय एवं तृतीय चरण** में प्राप्त हुए हैं। मकान पत्थर के बने हैं। फर्श में भी पत्थरों को समतल कर जमाया जाता था।
- बागौर में मध्यपाषाणकालीन पुरावशेषों के अलावा लौह युग के उपकरण भी प्राप्त हुए हैं। इस सभ्यता के प्रारंभिक

निवासी आखेट कर अपना जीवन यापन करते थे। परवर्ती काल में वे पशुपालन करना सीख गये थे। बाद में उन्होंने कृषि कार्य भी सीख लिया था।

**कांस्ययुगीन सभ्यताएं -**

**2. कालीबंगा की सभ्यता -**

कालीबंगा की सभ्यता एक नदी के किनारे बसी हुई थी। नदी का नाम है - **सरस्वती नदी** । इसे **द्रेषनदी, मृतनदी, नटनदी** के नाम से भी जानते हैं।

यह सभ्यता हनुमानगढ़ जिले में विकसित हुई थी हनुमानगढ़ जिले में एक अन्य सभ्यता जिसे **पीलीबंगा** की सभ्यता कहते हैं विकसित हुई।

**इस सभ्यता की खोज -**

- इस सभ्यता की सबसे पहले जानकारी देने वाले एक पुरातत्ववेत्ता एवं भाषा शास्त्री एल.पी. टेस्सिटोरीथे। इन्होंने ही इस सभ्यता के बारे में सबसे पहले परिचय दिया लेकिन इस सभ्यता की तरफ किसी का पूर्णरूप से ध्यान नहीं था इसलिए इसकी खोज नहीं हो पाई।
- इस सभ्यता के खोजकर्ता **अमलानंद घोष** हैं। इन्होंने 1952 में सबसे पहले इस सभ्यता की खोज की थी।
- इनके बाद में इस सभ्यता की खोज दो अन्य व्यक्तियों के द्वारा भी की गई थी जो 1961 से 1969 तक चली थी।

**1. बृजवासीलाल (बी.बी. लाल)**
**2. बीके (बालकृष्ण) थापर**

इन्हीं दोनों ने इस सभ्यता की विस्तृत रूप से खोज की थी

**एल.पी. टेस्सिटोरीके बारे में -**

- ये इटली के के निवासी थे। इनका जन्म सन् 1887 में हुआ। और यह अप्रैल 1914 ईस्वी में भारत मुंबई आए। जुलाई 1914 में यह जयपुर (राजस्थान) आये। बीकानेर राज्य इनकी कर्म स्थली रहा है।
- उस समय के तत्कालीन राजा महाराजागंगा सिंह जी ने इन्हें अपने राज्य के सभी प्रकार के चारण साहित्य लिखने की जिम्मेदारी दी।
- बीकानेर संग्रहालय भी इन्होंने ही बनवाया है ये एक भाषा शास्त्री एवं पुरातत्ववेत्ता थे उन्होंने राजस्थानी भाषा के दो प्रकार बताए थे।

1.पूर्वी राजस्थानी 2.पश्चिमी राजस्थानी

- इस सभ्यता का कालक्रम **कार्बन डेटिंग पद्धति** के अनुसार 2350 ईसा पूर्व से 1750 ईसा पूर्व माना जाता है।
- कालीबंगा शब्द "सिंधीभाषा" का एक शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ होता है - **"काले रंग की चूड़ियां"**। इस स्थल से काले रंग की चूड़ियों के बहुत सारी ढेर प्राप्त हुए इसलिए इस सभ्यता को कालीबंगा सभ्यता नाम दिया गया।
- कालीबंगा की सभ्यता भारत की ऐसी पहली सभ्यता स्थल है जो **स्वतंत्रता के बाद खोजी** गई थी। यह एक **कांस्य युगीन सभ्यता** है।
- हनुमानगढ़ जिले से इस सभ्यता से संबंधित जो भी वस्तुएं प्राप्त हुई है उनको सुरक्षित रखने के लिए राजस्थान सरकार के द्वारा **1985-86 में कालीबंगा संग्रहालय** की स्थापना की गई थी। यह संग्रहालय **हनुमानगढ़** जिले में स्थित है।

**इस सभ्यता की विशेषताएँ -**

- इस सभ्यता की सड़कें एक दूसरे को **समकोण** पर काटती थी। इसलिए यहाँ पर मकान बनाने की पद्धति को **"ऑक्सफोर्ड पद्धति"** कहते हैं। इसी पद्धति को **'जाल पद्धति, ग्रीक, चेम्सफोर्ड पद्धति'** के नाम से भी जानते हैं।
- मकान कच्ची एवं पक्की ईंट के बने हुए थे, आरम्भ में यें कच्ची ईंटें थीं इसलिए इस सभ्यता को दीन हीन सभ्यता भी कहते हैं। इन ईंटों का आकार 30×15×7.5 है।
- इन मकानों की खिड़की एवं दरवाजे पीछे की ओर होते थे।
- यहाँ पर जो नालियां बनी हुई थी वह लकड़ी (काष्ठ) की बनी होती थी। आगे चलकर इन्हीं नालियों का निर्माण पक्की ईंटों से होता था।
  (विश्व में एकमात्र ऐसा स्थान जहां लकड़ियों की बनी नालियाँ मिली है वह कालीबंगा स्थल है) **(परीक्षा की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण)**
- विश्व की प्राचीनतम **जुते हुए खेत** के प्रमाण इसी सभ्यता से मिले हैं।
- यहाँ पर मिले हुए मकानों के अंदर की दीवारों में दरारें मिलती हैं इसलिए माना जाता है कि विश्व में प्राचीनतम भूकंप के प्रमाण यहीं से प्राप्त होते हैं।
- यहाँ के लोग एक साथ में **दो फसलें** करते थे अर्थात् फसलों के होने के प्रमाण भी यहीं से मिलते हैं **जौ और गेहूं।**
- यहाँ पर उत्खनन के दौरान **यज्ञकुंड / अग्नि वेदिकाएं** प्राप्त हुए हैं यहाँ के लोग **बलिप्रथा** में भी विश्वास रखते थे।
- इस सभ्यता का पालतू जीव **कुत्ता** था। इस सभ्यता के लोग **ऊँट** से भी परिचित थे इसके अलावा **गाय, भैंस, बकरी, घोड़ा से** भी परिचित थे।
- विश्व में प्राचीनतम् नगर के प्रमाण यहीं पर मिले हैं इसलिए इसे **नगरीय सभ्यता** भी कहते हैं यहाँ पर मूर्तिपूजा, देवी / देवता के पूजन, चित्रांकन या मूर्ति का कोई प्रमाण नहीं मिला है।
- यहाँ पर समाधि प्रथा का प्रचलन था। यहाँ पर **समाधि तीन प्रकार** की मिलती हैं अर्थात् तीन प्रकार से मृतक का अंतिम संस्कार किया जाता था
- अंडाकार गड्डा खोदकर व्यक्ति को दफनाना। इस गड्डे में व्यक्ति का सिर उत्तर की ओर पैर दक्षिण की ओर होते थे।
- अंडाकार गड्डा खोदकर व्यक्ति को तोड़ मरोड़ कर इकट्ठा करके दफनाना।
- एक गड्डा खोदकर व्यक्ति के साथ आभूषण को दफनाना।
- **स्वास्तिक चिह्न** का प्रमाण इसी कालीबंगा सभ्यता से प्राप्त होता है इस स्वास्तिक चिह्न का प्रयोग यहाँ के लोग वास्तुदोष को दूर करने के लिए करते थे।
- कालीबंगा की सभ्यता और मेसोपोटामिया की सभ्यता की **समानता** के प्रमाण **बेलनाकार बर्तन** में मिलते हैं।

- यहाँ पर एक **कपाल** मिला है **जिसमें छः प्रकार के छेद** थे। जिससे अनुमान लगाया जाता है कि यहाँ के लोग **शल्य चिकित्सा** से परिचित थे अर्थात् शल्य चिकित्सा के प्राचीनतम प्रमाण इसी सभ्यता से मिले हैं।
- यहाँ पर एक सिक्का प्राप्त हुआ है जिसके एक ओर स्त्री का चित्र है तथा दूसरी ओर **चीता** का चित्र बना हुआ है अर्थात् अनुमान लगाया जा सकता है कि यहाँ पर परिवार की **मातृसत्तात्मक प्रणाली** का प्रचलन था।
- कालीबंगा सभ्यता को सिंधु सभ्यता की **तीसरी राजधानी** कहा जाता है।
- कालीबंगा सभ्यता में पुरोहित का प्रमुख स्थान होता था।
- इस सभ्यता के लोग मध्य एशिया से व्यापार करते थे, इसका प्रमाण **सामूहिक तंदूर** से मिलता है क्योंकि तंदूर मध्य-एशिया से संबंधित है।
- इस सभ्यता के भवनों का **फर्श सजावट** एवं अलंकृत के रूप में मिलता है।

**कालीबंगावासियों का सामाजिक जीवन**

- उत्खनन से अनुमान लगाया जाता है कि कालीबंगा के समाज में धर्मगुरु (पुरोहित), चिकित्सक, कृषक, कुंभकार, बढ़ई, सुनार, दस्तकार, जुलाहे, ईंट एवं मनके निर्माता, मुद्रा (मोहरें) निर्माता, व्यापारी आदि धन्धों के लोग निवास करते थे।
- कालीबंगा वासियों के नागरिक जीवन में त्यौहार एवं धार्मिक उत्सवों का पर्याप्त महत्त्व था। इसके साथ ही खिलौने, पासे, मत्स्य काँटे आदि के अवशेषों से अनुमान है कि इनके जीवन में मनोरंजन का पर्याप्त महत्व था। संभवत: ये **शाकाहारी एवं मांसाहारी** दोनों होते थे। खाद्य सामग्रियों में फल, फूल, दूध, दही, जौं, गेहूँ, मांस आदि का प्रयोग होता था।

**मृतक संस्कार :**

कालीबंगा के निवासियों की **तीन प्रकार** की **समाधियाँ (कब्रें)** मिली हैं।

- शवों को अण्डाकार गड्ढे में उत्तर की ओर सिर रखकर मृत्यु संबंधी उपकरणों के साथ गाड़ते थे।
- दूसरे प्रकार की समाधियों में **शव की टाँगे समेटकर** गाड़ा जाता था।
- तीसरे प्रकार में शव के साथ बर्तन और एक-एक सोने व मणि के दाने की माला से विभूषित कर गाड़ा जाता था।
- उत्खनन में जो शवाधान प्राप्त हुए हैं उनसे यह स्पष्ट हो जाता है कि वे मृत्युपरांत किसी न किसी प्रकार का विश्वास अवश्य रखते थे, क्योंकि मृतकों के साथ खाद्य सामग्री, आभूषण, मनके, दर्पण तथा विभिन्न प्रकार के मदभाण्ड आदि रखे जाते थे।
- यहाँ मोहनजोदड़ो की भाँति लिंग, मातृशक्ति आदि की **मूर्तियाँ** नहीं मिली है, जिससे यहाँ के निवासियों की धार्मिक भावना का पता नहीं चल पाया है। यहाँ की **लिपि दाँये से बाँये** लिखी प्रतीत होती है साथ ही अक्षर एक-दूसरे के ऊपर खुदे हुए प्रतीत होते हैं।

**आर्थिक जीवन :**

- कालीबंगा के भग्नावशेषों से अनुमान लगाया जा सकता है कि अधिकांश लोगों का जीवन सामान्य रूप से समृद्ध था। सुख एवं समृद्धि के लिए लोगों ने विभिन्न साधनों का उपयोग किया था।
- कालीबंगा के निवासी कौन-कौन से पशु पालते थे, इसका ज्ञान हमें पशुओं के अस्थि अवशेषों, मृद पात्रों पर किये गये चित्रांकनों, मुद्रांकनों तथा खिलौनों से होता है। ये भेड़-बकरी, गाय, भैंस, बैल, भैंसा तथा सुअर आदि पशुओं को पालते थे। कालीबंगा के निवासी ऊँट भी पालते थे। कुत्ता भी उनका पालतू जीव था।
- **सरस्वती दृषद्वती नदियों** द्वारा लाई जाने वाली मिट्टी कृषि जन्य उत्पादों के लिए बहुत उपजाऊ थी। इसमें वे जौं और गेहूँ की खेती करते थे। हल लकड़ी के रहे होंगे। सिंचाई के लिए नदी जल एवं वर्षा पर निर्भर थे। कालीबंगा के कृषक निश्चय ही 'अतिरिक्त उत्पादन' करते थे।
- हड़प्पा सभ्यता के नगरों को समृद्धि का प्रमुख कारण व्यापार एवं वाणिज्य था। यह जल एवं स्थल दोनों मार्गों से होता था। **लोथल (गुजरात)** इस सभ्यता में तत्कालीन युग का एक महत्त्वपूर्ण **सामुद्रिक व्यापारिक** केन्द्र था।
- कालीबंगा से मुख्यतः हड़प्पा संस्कृति के मुख्य केन्द्रों को अनाज, मनके तथा ताँबा भेजा जाता था।
- ताँबे का प्रयोग, अस्त्र-शस्त्र तथा दैनिक जीवन में उपयोग आने वाले उपकरण, बर्तन एवं आभूषण बनाने में होता था।
- स्थानीय उद्योग पर्याप्त विकसित थे। कुंभकार का **मृदभाण्ड उद्योग** अत्यन्त विकसित था।
- वह विभिन्न प्रकार के मृदभाण्ड चाक पर बनाता था, जिन्हें भट्टों में अच्छी तरह पकाया जाता था। मृद्भाण्डों में मुख्यरूप से मर्तबान, कलश, बीकर, टस्तरियाँ, प्याले, टोंटीदार बर्तन, डिंद्रित भाण्ड एवं थालियाँ शामिल हैं। हस्त निर्मित कुछ बड़े मृदभाण्ड भी प्राप्त हुए हैं जो संभवत: अन्न आदि संग्रह हेतु काम में लिए जाते थे।
- इन मृदभाण्डों पर **काले एवं सफेद** वर्णकों से चित्रण भी किया जाता था, जिसमें आड़ी-तिरछी रेखाएँ, लूप, बिन्दुओं का समूह, वर्ग, वर्ग जालक, त्रिभुज, तरंगाकार रेखाएँ अर्द्धवृत्त, एक-दूसरे को काटते वृत्त, शल्कों का समूह आदि के प्रारूपण प्रमुख हैं।
- इसके अतिरिक्त पीपल की पत्तियों तथा चौपत्तिया फूल आदि वानस्पतिक पादपों का अंकन भी प्राप्त हुआ है।
- बड़े बर्तनों पर **'कुरेदकर'** भी **अलंकरण** किया गया है। किन्हीं-किन्हीं मृदपात्रों पर 'ठप्पे' भी लगे हुए मिले हैं और किसी-किसी पर तत्कालीन लिपि में लिखे लेख भी प्राप्त हुए हैं। उत्खनन में विभिन्न प्रकार की मुद्राएँ (मोहरें), मूर्तियाँ, चूड़ियाँ, मनके, औजार आदि से ज्ञात होता है कि हड़प्पा सभ्यता कालीन कालीबंगा समाज में शिल्पकला का उचित स्थान रहा है।
- सोना, चाँदी अर्द्ध बहुमूल्य पत्थर, शंख से आभूषणों का निर्माण किया जाता था। स्त्रियाँ कानों में कर्णाभरण,

**राठौड़ों का प्राचीन इतिवृत :-**

राम के पुत्र कुश के कुल में सुमित्र अयोध्या का अंतिम राजा था। नंदवंश के महापद्मनंद ने अयोध्या राज्य को मगध साम्राज्य में मिला लिया। सुमित्र के बाद यशोविग्रह तक के मुख्य व्यक्तियों के नाम ही बडुवों (बहीभट्टों) की बहियों से तथा अन्य साहित्यिक स्त्रोतों से प्राप्त होते हैं। अतः इन साधनों के आधार पर सुमित्र से आगे की वंश परम्परा दी जा रही है। सुमित्र के दो वंशजों में कूर्म के वंशज रोहितास (बिहार), निषिध, ग्वालियर और नरवर होते हुए राजस्थान में आये जो कछवाह कहलाते हैं। दूसरे वंशज विश्वराज के वंशधर क्रमशः मूलराय व राष्ट्रवर के नाम से इनके वंशज राष्ट्रवर (राठौड़) कहलाये। बाद के संस्कृत साहित्य में कहीं कहीं राष्ट्रवर (राठौड़ों) का संस्कृतनिष्ठ शब्द 'राष्ट्रकूट' या 'राष्ट्रकूटियों' भी लिखा है।

**सूरज प्रकाश के लेखक करणीदान व टॉड के अनुसार तेरह खाँपों की उत्पत्ति इस प्रकार हुई –**

1. **दानेश्वरा :-** धर्मविम्ब एक दानी व्यक्ति हुआ। अतः इनके वंशज **दानेश्वरा** कहलाये। (Annals and antiqueties of raj-अनुसार केवल कुमार ठाकुर) इनको **कमधज** भी कहा जाता था।
2. **अभैपुरा :-** पुंज के दूसरे पुत्र भानुदीप कांगड़ा (हि. प्र.) के पास था। देवी ज्वालामुखी ने उसे अकाल के भय से रहित कर दिया अर्थात् अभय बना दिया। इस कारण उसके वंशज अभैपुरा कहलाये।
3. **कपालिया :-** पुंज के तीसरे पुत्र वीरचंद थे। इसने शिव को कपाल चढ़ा दिया था। इस कारण इनके वंशज कपालिया कहलाये।
4. **कुरहा :-** पुंज के पुत्र अमरविजय ने परमारों से कुरहगढ़ जीता। संभवतः कुरह स्थान के नाम से **कुरहा** कहलाये।
5. **जलखेड़ा :-** पुंज के पुत्र सजनविनोद ने तंवरों को परास्त किया और जलंधर की सहायता से जल प्रवाह में बहा दिया। अतः इसके वंशज जलखेड़ा कहलाये।
6. **बुगलाणा :-** पुंज के पुत्र पद्म बुगलाणा स्थान के नाम से बुगलाणा कहलाये।
7. **अहर :-** पुंज के पुत्र अहर के वंशज 'अहर' कहलाये। बंगाल की तरफ चले गए।
8. **पारकरा :-** पुंज के पुत्र वासुदेव ने कन्नौज के पास कोई पारकरा नामक नगर बसाया अतः उसके वंशज **'पारकर'** कहलाये।
9. **चंदेल :-** दक्षिण में पुंज के पुत्र उग्रप्रभ ने चंदी व चंदावर नगर बसाये अतः चंदी स्थान के नाम से चंदेल कहलाये। (चंदेल-चंद्रवंशी इनसे भिन्न हैं।)
10. **वीर :-** सुबुद्धि या मुक्तामान बड़ा वीर हुआ। इसे वीर की उपाधि दी। इस कारण इनके वंशज वीर राठौड़ कहलाये।
11. **दरियावरा :-** भरत ने बरियावर स्थान पर राज्य किया। स्थान के नाम से ये 'बरियावर' कहलाये।
12. **खरोदिया :-** कृपासिंधु (अनलकुल) खरोदा स्थान के नाम से खरोदिया राठौड़ कहलाये।
13. **जयवंशी :-** चंद्र व इसके वंशज जय पाने के कारण जयवंशी कहलाये।

## मारवाड़ का इतिहास

**राठौड़ वंश**

राजस्थान के उत्तर-पश्चिम भाग में जिस राजपूत वंश का शासन हुआ उसे राठौड़ वंश कहा गया है । उसे मारवाड़ के नाम से जाना जाता है । मारवाड़ में पहले गुर्जर प्रतिहार वंश का राजा था । प्रतिहार यहाँ से कन्नौज (उत्तरप्रदेश) चले गये । फिर राठौड़ वंश की स्थापना इस भाग में हुई, तथा मारवाड़ की संकटकालीन राजधानी 'सिवाना दुर्ग' (बालोतरा) को कहा जाता था।

| शाखा | स्थापना | संस्थापक |
|---|---|---|
| 1- मारवाड़ (जोधपुर) | 1240 ई. | राव सीहा |
| 2. बीकानेर | 1465 ई. | राव बीका |
| किशनगढ़ | 1609 ई. | किशनसिंह |

हम इस अध्याय में मारवाड़ के राठौड़ वंश का विस्तृत अध्ययन करेंगे ।

**उत्पत्ति**

- राठौड़ शब्द की उत्पत्ति राष्ट्रकूट शब्द से मानी जाती है।
- पृथ्वीराजरासो, नैणसी, दयालदास और कर्नल टॉड राठौड़ों को कन्नौज के जयचन्द गहड़वाल का वंशज मानते हैं ।
- "राठौड़ वंश महाकाव्य में राठौड़ों की उत्पत्ति शिव के शीश पर स्थित चन्द्रमा से बताई है ।
- डॉ. हार्नली ने सर्वप्रथम राठौड़ों को गहड़वालों से भिन्न माना है । इस मत का समर्थन डा. ओझा ने किया है।
- डॉ. ओझा ने मारवाड़ के राठौड़ों को बदायूँ के राठौड़ों का वंशज माना है ।

**मारवाड़ (जोधपुर) के राठौड़ संस्थापक – राव सीहा (1240 – 1273)**

- राव सीहा जी राजस्थान में स्वतंत्र राठौड़ राज्य के संस्थापक थे । राव सीहा जी के वीर वंशज अपने शौर्य, वीरता एवं पराक्रम व तलवार के धनी रहे हैं । मारवाड़ में राव सीहा जी द्वारा राठौड़ साम्राज्य का विस्तार करने में उनके वंशजो में राव धुहड़ जी, राजपाल जी, जालन सिंह जी, राव छाड़ा जी, राव तीड़ा जी, खीम करण जी, राव वीरम दे, राव चूँड़ा जी,

राव रिड़मल जी, राव जोधा, राव बीका, बीदा, दूदा, कानध्ल, मालदेव का विशेष क्रमबद्ध योगदान रहा है। इनके वंशजों में दुर्गादास व अमर सिंह जैसे इतिहास प्रसिद्ध व्यक्ति हुए । राव सिहा सेतराम जी के आठ पुत्रों में सबसे बड़े थे।

**चेतराम सम्राट के, पुत्र अस्ट महावीर !**
**जिसमें सिहों जेस्ठ सूत, महारथी रणधीर ।**

